## महत्वपूर्ण एवं खास

### रायगढ़ एवं सारंगढ़ के लिए व्यय प्रेक्षक नियुक्त

**रायगढ़।** छ.ग.राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर द्वारा जारी आदेश के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भीम सिंह ने नगरीय निकाय आम/उप निर्वाचन 2021 के लिए नगर पालिक निगम रायगढ़ एवं नगर पालिका परिषद सारंगढ़ हेतु व्यय प्रेक्षक एवं इनके सहयोग हेतु लाइजनिंग आफिसर नियुक्त किया है। नगर पालिक निगम रायगढ़ वार्ड क्रमांक 9 एवं 25 एवं नगर पालिका परिषद सारंगढ़ के लिए वरिष्ठ लेखाधिकारी दिलीप कुमार रवि को व्यय प्रेक्षक बनाए गए है।साथ इनके सहयोग के लिए सहायक आयुक्त आबकारी प्रकाश पाल को लाइजनिंग आफिसर बनाए गए है।

### निर्वाचन अभिकर्ता के नियुक्ति हेतु गणेश पटेल को किया गया आदेशित

**रायगढ़।** नगरीय निकाय आम/उप निर्वाचन 2021 हेतु नगर पालिक निगम रायगढ़ के वार्ड क्रमांक 9 एवं 25 के लिए निर्वाचन लड़ने वाले पार्षद पद के अभ्यर्थियों के द्वारा निर्वाचन अभिकर्ता के नियुक्ति हेतु गणेश पटेल रिसे.क्लर्क (संलग्न स्थानीय निर्वाचन कार्यालय)रायगढ़ को आदेशित किया गया है।

### मानस मंडली प्रतियोगिता एवं युवा और लोक कला महोत्सव के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने छ.ग.शासन द्वारा आयोजित कार्यक्रम मानस मंडली प्रतियोगिता हेतु सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग रायगढ़ अविनाश श्रीवास तथा युवा और लोक कला महोत्सव हेतु सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण रायगढ़ संजय पॉल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### पूर्व मंत्री के नाती के हत्या की आशंका, नादघाट नदी के पास मिला शव

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री किशनलाल कुर्रे के नाती का का आज शव बेमेतरा जिले के नवागढ़ में नादघाट नदी के पास मिला। प्रारंभिक जांच में हत्या की आशंका जतायी जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार नवागढ़ निवासी वेदनारायण कुर्रे का 14 वर्षीय पुत्र वेदांत कुर्रे कल शाम 5 बजे ट्यूशन के लिए निकला था, जिसके बाद से वो लापता था। परिजनों ने उसे ढूंढने का प्रयास किया लेकिन उसका कही पता नहीं चला। बताया गया आज सुबह उसका शव नादघाट नदी के पास पड़ा मिला। इसकी जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बताया गया कि मृतक पूर्व मंत्री किशनलाल कुर्रे का नाती है।

### अन्तरराज्यीय बस टर्मिनल परिसर में बिना टोकन वाले 5 ठेलों को जब्त किया गया

**रायपुर (आरएनएस)।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त प्रभात मलिक के आदेशानुसार भाटागांव के अन्तर राज्यीय बस टर्मिनल परिसर में नगर निगम जोन क्रमांक 6 के जोन कमिश्नर नेतराम चंद्राकर के नेतृत्व में अभियान चलाकर बिना टोकन वाले 5 ठेलों को वहाँ से हटाने उन्हें श्रीडी से जप्त करने की कड़ी कार्यवाही की गयी एवं अव्यवस्था की शिकायत का तत्काल जोन के स्तर पर त्वरित निदान किया जाकर जनहित में जनसुविधा की दृष्टि से व्यवस्थित रूप से टोकन प्रबंध बहाल किया गया।

# संभाग आयुक्त पहुंचे जिला पंचायत के निरीक्षण में, कार्यो का लिया जायजा

» नरवा का काम भी देखा, समूह के कार्य का किया उत्साहवर्धन

**रायगढ़।** बिलासपुर संभाग आयुक्त डॉ.संजय अलंग आज जिला पंचायत कार्यालय का निरीक्षण किया।संभाग आयुक्त डॉ.अलंग ने जिला पंचायत के विभिन्न शाखाओं के कार्यो का निरीक्षण किया।साथ ही वहां कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की।इस दौरान कलेक्टर भीम सिंह व सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल भी मौजूद थे।

निरीक्षण के दौरान संभाग आयुक्त डॉ.अलंग ने जिला पंचायत द्वारा किए जा रहे लाइवलीवुड के कार्यो की जानकारी ली।इस दौरान उन्होंने लाइवलीवुड के माध्यम से समूहों द्वारा निर्मित विभिन्न प्रकार के उत्पादों की जानकारी लेते हुए उनके डिमांड एवं सप्लाई पर फोकस करने के निर्देश दिए।जिससे समूह के लिए नियमित आय निर्मित किया जा सके।इस दौरान संभाग आयुक्त, सूचना का अधिकार, स्थापना कक्ष, खादी ग्रामोद्योग, शिक्षा शाखा, मनरेगा, छ.ग.सामाजिक अंकेक्षण शाखा, एन्ट्रीलैब, ओडीएफ, पंचायत शाखा आदि शाखाओं का निरीक्षण किया।जिसमें सर्विस बुक, सेवा सत्यापन, वेरीफिकेशन जैसे सभी शेष कार्यो को निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए।सूचना के अधिकार शाखा में माह में आने वाले आवेदनों की संख्या की जानकारी ली।उन्होंने सभी पंजी को प्रमाणित करने के निर्देश दिए।

स्थापना शाखा के निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीईओ जिला पंचायत को विशेष पिछड़ी जनजति जैसे की नियुक्ति के संबध में चर्चा किए।उन्होंने खादी ग्रामोद्योग विभाग का निरीक्षण किया।सहायक संचालक ए.आर.प्रधान ने संभाग आयुक्त को विभाग के कार्यो की जानकारी दी।संभाग आयुक्त ने कहा कि विभागीय योजनाओं के माध्यम से और अधिक लोगों को लाभान्वित किया जाए।मनरेगा के



माध्यम किए जा रहे कार्यो की जानकारी ली और अधिक से अधिक लोगों को इस कार्य में जोड़ने के निर्देश दिए।इसके साथ ही उन्होंने बाड़ी विकास कार्यो की समीक्षा की।जिस पर अधिकारी ने बताया कि बाड़ी विकास का कार्य किया जा रहा है।

संभाग आयुक्त डॉ.अलंग केवड़ाबाड़ी बस स्टैण्ड पास स्थित प्री.मैट्रिक बालिका छात्रावास का निरीक्षण किया।यहां उन्होंने छात्रावास में निवासरत छात्राओं से छात्रावास की गतिविधियां, भोजन की गुणवत्ता एवं अन्य समस्याओं के संबध में छात्राओं से चर्चा की।इस दौरान संभाग आयुक्त ने छात्राओं के मेस का भी निरीक्षण किया।उन्होंने छात्रावास के निर्धारित मेन्यू का पालन करने छात्रावास अधीक्षिका को निर्देशित किया और छात्रावास में प्रतिदिन की एक्टीविटी की जानकारी ली।

**श्री धन्वंतरी मेडिकल स्टोर पहुचे, खरीददारों से की चर्चा-** संभाग आयुक्त डॉ.अलंग अशर्फी देवी अस्पताल स्थित धन्वंतरी मेडिकल स्टोर पहुंचे।वहां उन्होंने मेडिकल संचालक से प्रतिदिन व्यक्तियों की औसत खरीददारी संख्या पर चर्चा की।जिस पर मेडिकल संचालक द्वारा बताया गया कि वर्तमान में अच्छी ब्रिकी हो रही है।इस दौरान संभाग आयुक्त ने दवाई खरीदने आए सतपाल सिंह से चर्चा की।उनके द्वारा बताया गया कि यहां 70 प्रतिशत से अधिक छूट दी जा रही है।जिससे कारण वो यहां दवाई खरीदने आए है।

**नरवा का किया निरीक्षण, ग्रामीणों से ली फीडबैक-** संभाग आयुक्त डॉ.अलंग द्वारा सुराजी गांव योजना के अंतर्गत कुशवाबहरी निर्मित नरवा का भी निरीक्षण किया गया।इस दौरान उन्होंने कुशवाबहरी में नरवा संवर्धन के तहत ब्रशवुड, अर्दन गली प्लग, गेबियन, लूज बोल्डर आदि कार्यो को देखा।इसके साथ ही उन्होंने नरवा विकास के अंतर्गत किए जा रहे कार्यो की जानकारी ली।इस दौरान संभाग आयुक्त ने नरवा संवर्धन के पश्चात हुए बदलाव पर ग्रामीणों से फीडबैक ली।जिस पर ग्रामीण गोपाल पटेल, मोहन लाल, गंगाराम राठिया ने संभाग आयुक्त को बताया कि नरवा संवर्धन से बहुत लाभ हुआ है।इससे आसपास के भूमि का जलस्तर बढ़ा है तथा भूमि में नमी मौजूद है।इसके साथ ही बोर नहीं सूख रहा है, जो पहले सूख जाते थे।

**समूह की महिलाओं से मिले संभाग आयुक्त, किया उत्साह वर्धन-** इस दौरान संभाग आयुक्त डॉ.अलंग चपले मल्टीएक्टीविटी केन्द्र का निरीक्षण किया।उन्होंने चपले मल्टी एक्टीविटी केन्द्र में महिलाओं द्वारा संचालित पेपर प्रोडक्ट, फिनाइल निर्माण, रेशम, साबुन, अगरबत्ती, सेनेटरी नेपकिन, मुर्गी पालन, पशुपालन जैसे विभिन्न गतिविधियों को देखा।इसके साथ ही मल्टी एक्टीविटी कार्य रही महिलाओं से गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली।जिस पर महिला समूह द्वारा अपने समूह की जानकारी तथा संचालित की जा रही गतिविधियों से अवगत करवाया।जिसके पश्चात आयुक्त ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी बेहतर तरीके से कार्य कर रही है।आगे भी काम करते रहिए, प्रशासन हर संभव मदद करेगा।

## युवती पर नाबालिग बालक को गलत कार्यों के लिए उकसाने की शिकायत

» चक्रधरनगर थाने में युवती पर पास्को एक्ट के तहत अपराध दर्ज

**रायगढ़।** थाना चक्रधरनगर क्षेत्र अन्तर्गत रहने वाले नाबलिग बालक के परिजन सारंगढ़ क्षेत्र की युवती पर उनके बालक को गलत कामों के लिये उकसाने तथा घर छोड़कर उसके पास भागकर आने का दबाव बनाने जैसी शिकायत बाल कल्याण समिति रायगढ़ में शिकायत किया गया था ।शिकायत पत्र की काउंसलिंग पश्चात अध्यक्ष बाल कल्याण समिति द्वारा युवती पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही के लिये प्रतिवेदन भेजा गया, जिस पर आरोपिया के विरूद्ध धारा 108 भादवि एवं 11 (3)(4),12 पाक्सो एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है ।

बालक के परिजन बताये कि आफिस काम के लिए नवम्बर 2020 में युवती को काम पर रखे थे ।युवती इनके घर भी आना जाना करती थी, इसी दरम्यान इनके घर के नाबालिग बालक से मोबाइल नम्बर लेकर उससे बातें करती और उसे गलत कार्य करने के लिये उकसाती थी ।परिजन बताये कि दोनों को मोबाइल पर बातें करते देख युवती को काम से हटा दिये थे ।उसके बाद भी युवती लड़के से सम्पर्क रखी थी ।युवती वर्तमान में गुड़गांव दिल्ली में रहना बताती है जो नाबालिग को भगा कर दिल्ली आने के लिये उकसाती है ।चक्रधरनगर पुलिस आरोपिया पर धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है ।

## जय गुरुदेव ट्रेडर्स और आस्था ट्रेडिंग शॉप में जूटमिल पुलिस की दबिश

» नकली पार्ट्स बेचे जाने की शिकायत पर कार्यवाही

» नकली सामानों की जप्ती के साथ दोनों आरोपियों पर कॉपीराइट एक्ट के तहत कार्यवाही

**रायगढ़।** दिनांक 02/12/2021 को रायगढ़ के चौकी जूटमिल क्षेत्र में केन्ट आर.ओ. वाटर प्युरीफायर कम्पनी के नकली पार्ट्स बेचे जाने की शिकायत लेकर कम्पनी का फिल्ड अफिसर चौकी प्रभारी जूटमिल से मिला।जूटमिल पुलिस फिल्ड अफिसर के साथ दो दुकानों पर रेड कर नकली सामानों की जप्ती कर आरोपियों पर कॉपीराइट एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है ।

जानकारी के मुताबिक आर.के. कम्पनी में फिल्ड अफसर पद पर कार्यरत विशाल मंडल पिता सत्नारायन मंडल उम्र 28 वर्ष निवासी अनाथ बाबू बजार लेन कलकत्ता 06 दिनांक 02/12/2021 को चौकी जूटमिल आकर चौकी प्रभारी उत्तम साहू से मिलकर उन्हें बताया कि हमारे कम्पनी kent r.o. system ltd. जो Water purifier का पार्टस बनाता और बेचता है।कुछ फर्म कम्पनी को गलत साबित करने के लिये कम्पनी के नकली सामान बेचकर आम जनता और सरकार को नुकसान पहुंचा रहे हैं ।कम्पनी के फिल्ड अफिसर के साथ जूटमिल पुलिस स्टाफ आस्था ट्रेडिंग और जय गुरूदेव ट्रेडिंग जाकर छापेमारी किये, दुकानदारों के पास वाटर प्युरीफायर का नकली मिश्रण कर सामान बेचा जा रहा था ।दुकान जय गुरुदेव ट्रेडर्स एवं आस्था ट्रेडिंग शॉप के संचालक आकाश अहिरवार तथा राकेश रुनवाल के मेमोरेंडम कथन के आधार पर केंट इनलाइन सेंटीमेंट फिल्टर 11 नग, केंट आर ओ मेंब्रेन 27 नग, केंट कार्बन फिल्टर 23 नग, केंट डिजाइन की बॉडी 4 नग कुल करीब 95,000 का सामान को जप्त किया गया है ।आरोपी आकाश अहिरवार पिता एम. एल. अहिरवार उम्र 27 वर्ष निवासी ग्रीन सिटी कॉलोनी क्वार्टर नंबर 18 थाना चकरनगर हाल मुकाम जय गुरुदेव ट्रेडर्स विश्वासगढ़ चर्च के पास चौकी जूटमिल तथा राकेश रुनवाल पिता स्वर्गीय एम.एल. रुनवाल उम्र 36 वर्ष मोदीनगर बोइरदादर थाना चकरनगर के विरुद्ध चौकी जूटमिल, थाना कोतवाली में 63 कॉपीराइट एक्ट 1957 के तहत कार्यवाही कर दोनों आरोपियों को आज दिनांक 03/12/2021 को रिमांड पर भेजा गया है।

## संभाग आयुक्त डॉ.संजय अलंग ने मेडिकल कालेज प्रबंधन की ली बैठक

» मेडिकल कॉलेज भवन में शिफ्टिंग और संसाधनों की समीक्षा की

**रायगढ़।** संभाग आयुक्त डॉ.संजय अलंग मेडिकल कालेज रायगढ़ में बैठक ली।इस दौरान उन्होंने मेडिकल कालेज के व्यवस्थापन के लिए उसकी संसाधनों पर कालेज के डीन एवं अस्पताल अधीक्षक से चर्चा की।इस मौके पर कलेक्टर भीम सिंह, निगम आयुक्त एस.जयवर्धन, जिला पंचायत सीईओ डॉ.रवि मित्तल भी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान कालेज के डीन डॉ.पी.लूका ने संभाग आयुक्त को मेडिकल कालेज के विभिन्न कार्यो एवं आगामी संचालन के लिए आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था पर ध्यानाकर्षण करवाया।जिस पर संभाग आयुक्त डॉ.अलंग ने सभी आवश्यक कार्यो को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए।संभाग आयुक्त ने स्पष्ट किया कि



मेडिकल कालेज के लिए निर्धारित नार्म्स है।सभी उपकरणों की खरीदी की जाए, साथ ही उसकी उपयोगिता भी तय की जाए।प्रत्येक उपकरण के संचालन के लिए मैन पावर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।इसके साथ ही मेडिकल कालेज की शिफ्टिंग और मेडिकल कालेज के निर्माण की कार्यो की समीक्षा की।इस दौरान मेडिकल कालेज शिफ्टिंग में विलंब के मद्देनजर मॉडुलर ओटी की जगह नार्मल ओटी में संचालन करने के निर्देश दिए।इसके साथ ही उन्होंने सभी कार्यो की मॉनिटरिंग कर जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।इस दौरान डीन डॉ.पी.लूका ने संभाग आयुक्त को केजीएच में किए गए कार्यो से भी अगवत कराया तथा मेडिकल कालेज के बेहतर संचालन के लिए विभिन्न रिक्त पदों की भर्ती की जानकारी दी।जिस पर संभाग आयुक्त ने आवश्यक मैन पावर वाले रिक्त पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरने के लिए मांग बनाने को कहा है।

संभाग आयुक्त डॉ.अलंग ने अंडर यूटीलिटी वाले उपकरणों को चिन्हांकित करने के निर्देश दिए।मेडिकल कालेज डीन डॉ.पी.लूका ने बताया कि कोविड के तीसरी लहर की संभावना को देखते हुए आईसीयू, आइसोलेशन को केजीएच एवं लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट की व्यवस्था की गई है।इसके साथ ही स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।उन्होंने एमआरआई मशीन का प्रस्ताव भेजने को कहा।इस दौरान उन्होंने वर्तमान में मेडिकल कालेज में मेस संचालन की स्थिति की जानकारी ली।उन्होंने डीन को निर्देश दिया कि मेस के लिए सफाई कर्मी, रसोईया, चपरासी आदि पर्याप्त संख्या में उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।इसके आलवा उन्होंने कहा कि सेनेटरी वेडिंग मशीन एक सप्ताह में लगाया जाए।इस दौरान उन्होंने स्त्री रोग विभाग के संचालन की जानकारी ली।संभाग आयुक्त डॉ.अलंग ने अस्पताल में अग्निशमन के लिए किए जा रहे कार्यो की समीक्षा की तथा तय नॉर्म्स के अनुसार कार्य करने कार्यपालन अभियंता पीडब्लूडी को निर्देशित किया।

संभाग आयुक्त डॉ.अलंग ने आगामी दिनों बायोमैट्रिक के आधार पर वेतन बनाने के निर्देश दिए।मेडिकल कालेज डीन डॉ.पी.लूका ने अस्पताल के सुचारू संचालन के लिए टेक्निकल स्टाफ की संख्या बढ़ाने की बात रखी।जिस पर संभाग आयुक्त ने प्राथमिकता के आधार पर पदों को भरने के निर्देश दिए।

## 8 आईपीएस अधिकारियों का तबादला

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य शासन ने आठ आईपीएस अधिकारियों का तबादला आदेश आज जारी किया है।

गृह (पुलिस) विभाग के अवर सचिव मनोज कुमार श्रीवास्तव ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार दीपक कुमार झा पुलिस अधीक्षक बिलासपुर को बलौदाबाजार भाटापारा, श्रीमती पारूल माथुर पुलिस अधीक्षक गरियाबंद को बिलासपुर, इंदिरा कल्याण एलेसेला पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार भाटापारा को सेनानी 11वी वाहिनी छसबल जांजगीर चांपा, मोहित गर्ग पुलिस अधीक्षक कवर्धा को सेनानी 14वी वाहिनी छसबल बालोद, लालउमेंद सिंह सेनानी 14वी वाहिनी छसबल बालोद को पुलिस अधीक्षक कवर्धा, अरविंद कुजूर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा को सेनानी 3री वाहिनी छसबल अमलेश्वर दुर्ग, धर्मेंद्र सिंह छवई सेनानी 3 री वाहिनी छसबल अमलेश्वर दुर्ग को पुलिस अधीक्षक बेमेतरा एवं झाड़ूराम ठाकुर सहायक पुलिस महानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय को पुलिस अधीक्षक गरियाबंद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राज्य शासन द्वारा भारतीय पुलिस सेवा वेतन नियम 2016 के नियम 12 के तहत पुलिस अधीक्षक जिला बलौदाबाजार भाटापारा के संवर्गीय पद को प्रतिष्ठा एवं जिम्मेदारी में भारतीय पुलिस सेवा के पुलिस उपमहानिरीक्षक के पद के समकक्ष घोषित किया जाता है।

# आपकी प्रतिभा आप सभी को बनाती हैं विशेष-उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल

» उच्च शिक्षा मंत्री पटेल दिव्यांग सम्मान समारोह में हुये सम्मिलित

» दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों का हुआ वितरण

**रायगढ़।** आजादी का अमृत महोत्सव के तहत अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्मित करने हेतु दो दिवसीय जागरूकता शिविर सह खेलकूद-सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन मिनी स्टेडियम में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल ने मां सरस्वती एवं महात्मा गांधी के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उच्च शिक्षामंत्री पटेल ने कहा कि दिव्यांगजनों को प्रोत्साहित करने के लिए शासन अलग-अलग योजना चला रही है, ताकि वे भी आगे बढ़ सकें।उच्च शिक्षामंत्री पटेल ने कहा कि अगर किसी भी व्यक्ति में सच्ची लगन हो तो उसके लिए कोई भी परेशानी अड़चन नहीं आ सकती।अपनी कमी को कमजोरी न समझे बल्कि अपने पीछे छिपे गुणों को उभारे और जज्बा बनाये रखे, सफलता अवश्य मिलेगी।आप सभी एक दिन जरूर ऊंचाईयों तक आगे बढ़ पायेंगे और आगे चलकर देश-दुनिया में अपना नाम रोशन कर सकेंगे।उन्होंने दिव्यांग विभू अग्रवाल के नृत्य को देखकर काफी प्रसन्न हुए और उनके जज्बे को सलाम किया।

इस मौके पर उच्च शिक्षामंत्री पटेल ने 5 दिव्यांग वरिष्ठ पेंशनरों को शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया।5 दिव्यांग दंपत्तियों को विवाह प्रोत्साहन राशि 50-50 हजार रुपये एवं खेलकूद तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम में आए प्रथम, द्वितीय खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

विधायक प्रकाश नायक ने कहा कि अपने लक्ष्य को पाने के लिए व्यक्ति को हिम्मत और सच्चे इरादे की जरूरत होती है।समय कितना भी कठिन क्यों न हो आपकी मेहनत आपको सफलता की राह पर ले ही जाती है।कोई भी काम मुश्किल नहीं होता बस उसे करने के लिए आपको पूरी ईमानदारी से मेहनत करने की जरूरत होती है।शासन द्वारा दिव्यांगजन समान अवसर पर, समान भागीदारी की भावना के अनुरूप दिव्यांगजनों के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्मित किए जाने हेतु प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 3 दिसम्बर को अंतर्राष्ट्रीय दिवस का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी ने विभागीय प्रतिवेदन पढ़कर सुनाया।जिसमें समाज कल्याण विभाग सभी श्रेणी के दिव्यांगजनों जैसे अस्थि बाधित, दृष्टि बाधित, मूक बधिर, मानसिक मंदता एवं बहु दिव्यांगता सहित 21 श्रेणियों के दिव्यांगजनों के लिए विविध विभागीय योजनाओं के माध्यम से बाधारहित जीवन स्तर के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए लाभान्वित किया जा रहा है।समाज कल्याण विभाग द्वारा कमजोर वर्गो जैसे दिव्यांग, वृद्ध, निराश्रित, विधवा, भिक्षुक एवं तृतीय लिंग वर्ग हेतु योजनाएं संचालित की जा रही है।वर्ष 2021-22 में विभाग अंतर्गत दिव्यांगजनों के लिए प्रमुख विभागीय प्रयास किए जा रहे है।जैसे दिव्यांगजन विशेष पहचान पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन



योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना, दिव्यांग छात्रवृत्ति योजना, क्षितिज अपार संभावनाएं, स्वरोजगार हेतु ऋण सहायता, दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना, कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण प्रदाय योजना, दिव्यांग बच्चों का शैक्षिक पुनर्वास, सुगम्य भारत अभियान एवं विभागीय मान्यता एवं अनुदान प्राप्त अशासकीय संस्था शामिल है।

इस अवसर पर बीज निगम के सदस्य दिलीप पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, जिला पंचायत सदस्य बिलास तिहारूराम सारथी, संगीता गुप्ता, बैंजती लहरे, यशोमती सिदार, शेख ताजीम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी, महिला बाल विकास अधिकारी टी.के.जाटवर, समाज कल्याण अधिकारी जगजीवन राम जांगड़े, एसडीएम युगल किशोर उर्वशा सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम एवं द्वितीय आए खिलाड़ियों के नाम-** ट्राय सायकल में उम्मीद रायगढ़ के संजु-प्रथम एवं ओमप्रकाश मिरी-द्वितीय स्थान पर रहे।इसी तरह 15 वर्ष उम्र आयु में 50 मीटर दौड़ बालक वर्ग में महेश साहू-प्रथम एवं अनिश सारथी-द्वितीय, 6 से 15 वर्ष आयु में 50 बालिका वर्ग में पायल पटेल-प्रथम एवं अंशु साव-द्वितीय, 6 से 10 वर्ष आयु वर्ग के दौड़ में रूद्र-प्रथम एवं अर्पित लकड़ा-द्वितीय, 10 से 15 वर्ष आयु वर्ग के दौड़ में पुरूषोत्तम-प्रथम एवं सनाऊ द्वितीय, कुर्सी दौड़ बालिक वर्ग में अंशु साव-प्रथम एवं याचना चौहान-द्वितीय, कुर्सी दौड़ बालक वर्ग में आर्यन चौहान-प्रथम एवं साहिल-द्वितीय, 6 से 15 वर्ष 50 मीटर दौड़ बालक वर्ग में शनिओम-प्रथम एवं सोमनाथ-द्वितीय एवं बालिका वर्ग में संध्या राठिया-प्रथम एवं सति चौहान-द्वितीय, गोला फेक बालक वर्ग में सूरज-प्रथम, हनुमान-द्वितीय, ऊंची कूद बालक वर्ग में ओमप्रकाश-प्रथम, संजु राठिया-द्वितीय, लम्बी कूद बालक वर्ग में संजू राठिया-प्रथम, ओमप्रकाश-द्वितीय, 15 वर्ष से ऊपर दौड़ 50 मीटर में ओमप्रकाश-गिरी-प्रथम, संजु राठिया-द्वितीय, मटका फोड़ बालक वर्ग में शिवा-प्रथम एवं बालिका वर्ग में बिंदिया-प्रथम, समूह नृत्य में प्रांजल ग्रुप-प्रथम (स्वच्छता अभियान), द्वितीय-प्रांजल ग्रुप (अरपा पैरी के धार), एकल नृत्य में गितेश मालाकार-प्रथम एवं विभू अग्रवाल-द्वितीय, एकल गायन में रोहित खर्रा-प्रथम स्थान पर रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480